कुलपति ने लगाई शिक्षकों की क्लास

आईसीएम और जीआईएचएम का यूटीयू के कुलपति ने किया औचक निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने राजपुर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ कोऑपरेटिव मैनेजमेंट (आईसीएम) और गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (जीआईएचएम) का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने छात्रों से सवाल किए तो वह जवाब नहीं दे। इस पर नाराज हुए कुलपति ने वहां मौजूद शिक्षकों की क्लास लगा दी। दोनों संस्थानों की शैक्षणिक व्यवस्था की खामियों को देख कुलपति ने सख्त नाराजगी जताई।

शुक्रवार को सबसे पहले कुलपति ने विवि से संबद्ध आईसीएम का निरीक्षण किया। जहां पर एमबीए पाठ्यक्रम संचालित होता है। इस दौरान संस्थान में छात्रों की संख्या बहुत कम रही। जबकि संस्थान के पास छात्रों की उपस्थिति का भी रिकॉर्ड संस्थान उपलब्ध नहीं पाया गया। वहीं, 23 जनवरी से शुरू हुई कक्षाओं में शिक्षकों की ओर से पढ़ाए जा रहे विषयों की जानकारी कुलपति ने ली तो छात्र कोई उत्तर नहीं दे पाए। जीआईएचएम में भी तो छात्रों की उपस्थिति पंजिका तो बनाई गई थी, लेकिन किसी भी छात्र की उपस्थिति दर्ज नहीं थी।

यूटीयू से संबद्ध आईसीएम में निरीक्षण करते कुलपति प्रो. ओंकार सिंह। स्रोत : विवि